लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश, भोपाल

नेशनल एचीवमेंट सर्वे (NAS) 2021 की तैयारी हेतु

टीचर्स हैण्डबुक

कक्षा – दसवीं

विषय – सामाजिक विज्ञान

NAS परिचय

NAS विद्यालयों में सीखने के आंकलन के लिए राष्ट्र स्तर पर विकसित एक राष्ट्र व्यापी सर्वेक्षण कार्यक्रम है। इसके तहत कक्षा 3, 5, 8 व 10 के विद्यार्थियों के सीखने के स्तर एवं शैक्षणिक उपलब्धि का मूल्यांकन करने हेतु प्रत्येक 03 वर्ष के अंतराल पर सर्वे आयोजित किया जाता है।

पूर्व में यह सर्वे 2017 में आयोजित किया गया था । इस वर्ष NAS सर्वे **12 नवम्बर 2021** को आयोजित होना है। यह सर्वे **हिन्दी, अंग्रेजी,गणित, विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान विषयों में किया जाएगा।** NCERT द्वारा सभी विषयों के लर्निंग आउटकम्स जारी किए गए हैं। इन्हीं लर्निंग आउटकम्स पर यह टेस्ट आधारित होगा।

NAS के उद्देश्य :

NAS के अंतर्गत देश/प्रदेशों के शासकीय और शासकीय सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों के सीखने की उपलब्धियों का आंकलन किया जाता है। इसके आधार पर भविष्य में विद्यालयों और शिक्षकों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक नीतियां और कार्यक्रम तैयार करते हुए विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार लाने हेतु निम्नानुसार प्रयास किये जा सकेंगे–

1. विद्यार्थियों के सीखने के अधिगमों की प्राप्ति हेतु
2. विद्यार्थियों के लर्निंग गैप की पहचान करने हेतु
3. शिक्षकों के प्रोफेशनल डेवेलपमेंट हेतु
4. गुणवत्ता शिक्षा के लिए कार्यक्रम तैयार करने हेतु
5. कक्षा शिक्षण में सहायता करने हेतु

To provide structured feedback on student learning levels at District, State, and national levels. These inputs are used for policy planning and designing pedagogical interventions to improve quality and ensure equity in learning.

विगत सर्वे में प्रदेश की स्थिति :

पिछले सर्वे में मध्यप्रदेश की स्थिति आशा अनुरुप नहीं रही । केवल हिन्दी विषय में ही प्रदेश का प्रदर्शन संतोषजनक था । अन्य विषयों में प्रदेश के विद्यार्थियों का औसत राष्ट्रीय औसत से कम था इससे पता चलता है कि प्रदेश के विद्यार्थियों में विषयवार अवधारणाओं की

समझ विकसित नहीं हो पायी है। इससे यह भी पता चलता है कि विद्यार्थी सीखी हुई अवधारणाओं का उपयोग अपने दैनिक जीवन की समस्याओं को हल करने में नहीं कर पा रहे हैं।

सामाजिक विज्ञान में विद्यार्थियों के स्कोर का प्रदेश का औसत 36.2 था जबकि राष्ट्रीय औसत 39.3 था जो निम्नानुसार है।



अतः यह जरूरी है कि विद्यार्थियों में निर्धारित लर्निंग कॉम्पेटेन्सी (दक्षताओं) के अनुसार विषयवार अवधाराणाओं की सही समझ विकसित की जाए।

इसके लिए जरूरी है कि विद्यार्थियों को इस वर्ष के सर्वे के लिए बेहतर तरीके से तैयार किया जाए।

NAS परीक्षा 2021 की तैयारी हेतु प्रैक्टिस टेस्ट की रूपरेखा :

NAS परीक्षा के आयोजन के पूर्व विद्यार्थियों को NAS परीक्षा के पैटर्न से अवगत कराने हेतु तीन प्रैक्टिस टेस्ट आयोजित कराए जाने के निर्देश दिए गए थे। अभी तक एक प्रेक्टिस टेस्ट दिनांक 11 से 16 सितंबर के मध्य आपके द्वारा करवाया गया होगा। प्रथम टेस्ट में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका थी। आशा है आपके द्वारा संचालनालय के पत्र दिनांक 7.9.2021 अनुसार कार्यवाही की गई होगी। आगामी कार्यक्रम निम्नानुसार है :

आगामी प्रैक्टिस टेस्ट का विवरण :

प्रैक्टिस टेस्ट	टेस्ट की तिथि	प्रत्येक विषय के प्रैक्टिस टेस्ट पेपर में प्रश्नों की संख्या
प्रैक्टिस टेस्ट द्वितीय	07.10.2021 से 12.10.2021	70
प्रैक्टिस टेस्ट तृतीय	28.10.2021 से 30.10.2021 एवं 8 एवं 9 नवंबर	70

प्रैक्टिस टेस्ट की समय–सारणी :

द्वितीय प्रैक्टिस टेस्ट दिनांक	तृतीय प्रैक्टिस टेस्ट दिनांक	विषय
07-10-2021	28-10-2021	अंग्रेजी
08-10-2021	29-10-2021	गणित
09-10-2021	30-10-2021	विज्ञान
11-10-2021	8-11-2021	हिन्दी
12-10-2021	9-11-2021	सामाजिक विज्ञान

दूसरा प्रैक्टिस टेस्ट और तीसरा प्रैक्टिस टेस्ट पेपर विवरण :

1. NAS हेतु दूसरा और तीसरा प्रैक्टिस टेस्ट पेपर विद्यार्थियों से हल कराया जाएगा ।
2. दोनों प्रैक्टिस टेस्ट के मुद्रित टेस्ट पेपर विद्यालयों को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रदाय कराए जाएंगे।
3. विद्यार्थियों के दूसरे और तीसरे प्रैक्टिस टेस्ट पेपर का समय प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक उपरोक्त निर्धारित दिनांकों को समय सारणी अनुसार आयोजित किए जाएंगे।
4. दूसरे और तीसरे प्रैक्टिस टेस्ट पेपर के निर्धारित दिनांकों में कराने के पश्चात दोपहर 1:00 बजे से 4:00 बजे तक संबंधित विषय शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों को सही उत्तर बताते हुए उत्तरों की जाँच कराई जाएगी और सही हल करने की विधि समझाई जाऐगी।
5. सभी विषयों के प्रैक्टिस टेस्ट पेपर में सभी विद्यार्थी सम्मिलित होंगे।
6. शिक्षक और प्राचार्य सुनिश्चित करें कि सभी विद्यार्थी प्रैक्टिस टेस्ट में उपस्थित रहें।
7. प्रैक्टिस टेस्ट पेपर में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ (बहुविकल्पीय) होंगे।

8. प्रश्न पत्र में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर प्रश्न पत्र में ही सही विकल्प पर √ (सही) चिन्ह लगाकर दिये जाएंगे।

नेशनल अचीवमेंट सर्वे –2021 का स्वरूप

- NAS के प्रत्येक विषय के प्रश्न पत्र में 35 प्रश्न पूछे जाएंगे। जो विगत 2017 के टेस्ट पेपर से लिए जाएंगे।
- पूर्व में प्रेषित प्रथम प्रैक्टिस टेस्ट पेपर और उसके उत्तर (आन्सर की) दिये गये हैं जो NAS 2017 के प्रश्नपत्रों पर आधारित था।
- ऐसी संभावना है कि NAS 2017 के प्रश्न पत्र से NAS 2021 के टेस्ट पेपर्स में प्रति विषय 07 प्रश्न दिए जा सकते हैं।
- प्रैक्टिस टेस्ट में से प्रति विषय 02 प्रश्न डिजीलेप के माध्यम से भी प्रति दिवस विद्यार्थियों को अभ्यास हेतु अलग से उपलब्ध कराए जाएंगे।
- लर्निंग आउटकम्स पर विद्यार्थियों का असेसमेंट किया जाएगा।

सीखने के प्रतिफल (Learning Outcomes)

SST1001. तथ्यों और आंकड़ों को पहचानता है और उन्हें पुनः प्राप्त करता है, और प्रक्रियाओं का वर्णन करता है।

SST1002. घटनाओं, तथ्यों और आंकड़ों को वर्गीकृत और तुलना करता है।

SST1003. घटनाओं, और उनके बीच कारण और प्रभाव बताता है।

SST1004. जनकारी का विश्लेषण और मूल्यांकन करता है।

SST1005. व्याख्या

SST1006. समाजिक विज्ञान के भीतर अंतरसंबंध बताता है।

SST1007. विभिन्न पहलुओं के बारे में मान्यताओं, पूर्वाग्रहों या रूढ़ियों की पहचान करता है।

SST1008. जिज्ञासुता, पूछताछ को दर्शाता है।

SST1009. दिए गए या एकत्र सूचना के आधार पर तक, सूझाव और विचारों का निर्माण करता है।

SST10010. घटना, घटना के कारण और उनकी भविष्यवाणी करता है।

SST10011. निर्णय लेने, समस्या समाधान के कौशल को दर्शाता है।

SST10012. संवेदनशीलता और प्रशंसा कौशल को दिखाता है।

Class 10- Social Science

SST1001 Recognizes and retrieves facts, figures, and narrate processes.
SST1002 Classifies and compares events, facts, data, and figures.
SST1003 Explains cause and effect relationship between phenomena, events, and their occurrence.
SST1004 Analyses and evaluates information.
SST1005 Interprets.

SST1006 Draws interlinkages within Social Science.
SST1007 Identifies assumptions, biases, prejudices, or stereotypes about various aspects.
SST1008 Demonstrates inquisitiveness, enquiry.
SST1009 Constructs views, arguments, and ideas on the basis of collected or given information.
SST1010 Extrapolates and predicts events and phenomena.
SST1011 Illustrates decision making/problem solving skills.
SST1012 Shows sensitivity and appreciation skills.

विषय /क्षेत्र	कक्षा 10 के लर्निंग आउटकम्स
हिन्दी	1
गणित	12
विज्ञान	10
समाजिक विज्ञान	12
अंग्रेजी	1
कुल	36

NAS सामाजिक विज्ञान के विषय क्षेत्र (डोमेन)

विषय क्षेत्र एवं विषय–वस्तु

इतिहास

1. घटनाक्रम एवं प्रक्रियाएं
2. अर्थव्यवस्था एवं आजीविका
3. संस्कृति, समाज और पहचान

भूगोल

1. संसाधन और उनके प्रकार
2. प्राकृतिक संसाधन
3. वन और वन्य जीव संसाधन
4. कृषि
5. जल संसाधन
6. खनिज संसाधन
7. शक्ति संसाधन
8. विनर्माण उद्योग

9. परिवहन संचार और व्यापार

राजनीति विज्ञान

1. एक समकालीन दुनिया में लोकतंत्र
2. भारत में लोकतंत्र की डिजाइनिंग
3. लोकतंत्र में चुनावी राजनीति
4. संसदीय लोकतंत्र की संस्थाएं
5. लोकतंत्र में नागरिकों के अधिकार
6. लोकतंत्र के कार्य
7. लोकतंत्र में सत्ता के बंटवारे का तंत्र
8. प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धाएं
9. चुनौतियॉ और परिणाम

अर्थशास्त्र

1. विकास की कहानी
2. धन और वित्तीय प्रणाली
3. भारतीय अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र की भूमिका
4. वैश्वीकरण

5- उपभोक्ता जागरूकता

STRAND (Cognitive Complexity)

1. आवश्यक साक्ष्य की पहचान करना और/या उसका उपयोग करना
2. निष्कर्ष निकालना या मूल्यांकन करना,
3. धारणाओं की समझ का प्रदर्शन करना ,
4. सतत विकास के पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक आयाम की समझ होना।

Social Science

SUB-DOMAIN

HISTORY

I. Events and Processes
II. Economies and Livelihoods
III. Culture, Identity and Society

GEOGRAPHY

1. Resources (and their types)
2. Natural resources
3. Forest and Wildlife resources
4. Agriculture
5. Water resources
6. Mineral resources
7. Power resources
8. Manufacturing industries
9. Transport, Communication and Trade

POLITICAL SCIENCE

1. Democracy in a contemporary world
2. Designing of Democracy in India
3. Electoral politics in Democracy
4. Institutions of Parliamentary Democracy
5. Citizens' rights in Democracy
6. Working of Democracy
7. Power sharing mechanisms in Democracy
8. Competition and Contestations
9 Outcomes and Challenges

ECONOMICS

1. The Story of Development
2. Money and Financial System
3. The Role of Service Sector in Indian Economy
4. Globalisation
5. Consumer Awareness

STRAND (Cognitive Complexity)

- Identifying and/or using the evidence needed Drawing or evaluating the conclusion - Demonstrating understanding of concepts
- Environmental, Economic and Social Dimensions of Sustainable Development- LEARNING OUTCOMES (NCERT)

प्रश्नपत्र का स्वरूप

सर्वे के प्रश्नपत्र 5 सेट में होंगें प्रत्येक सेट में 2 विषय होंगें। किसी भी विद्यार्थी को कोई भी सेट मिल सकता है। सेट किस तरह के होंगें यह नीचे दिया गया है। प्रत्येक सेट में प्रत्येक विषय में 7 एंकर प्रश्न होंगें। एंकर प्रश्न का तात्पर्य यह है कि विगत नेशनल अचीवमेंट सर्वे में जो टेस्ट पेपर दिया गया था उस टेस्ट पेपर में से **प्रत्येक विषय में 7 प्रश्न रिपीट** होंगें। प्रथम टेस्ट पेपेर आप सभी विद्यार्थियों को समझाया था। उसी प्रश्न पत्र में से प्रत्येक विषय में 7 प्रश्न आएंगें। अतः यह आवश्यक है कि पूर्व प्रश्नपत्र को विद्यार्थियों को ध्यान से समझाकर हल करवाया जाए। **एक सेट में दिए गए 70 प्रश्नों के उत्तर 120 मिनट यानी 2 घंटे में हल करना होगा ।**

दिनांक – 12 नवंबर 21

समय – 10.30 से 12.30

Class 10	Set 1			Set 2			Set 3		
	Area	New	Anchor	Area	New	Anchor	Area	New	Anchor
Sub 1	Lang- A -Hindi	28	7	Mat- B	28	7	Sci-A	28	7
Sub 2	Mat-A	28	7	Social-A	28	7	Eng-A	28	7
	Total	56	14	Total	56	14	Total	56	14
		70			70			70	

Class 10	Set 4			Set 5		
	Area	New	Anchor	Area	New	Anchor
Sub 1	Social- B	28	7	Lang- B Hindi	28	7
Sub2	Eng-B	28	7	Sci-B	28	7
	Total	56	14	Total	56	14
		70			70	

महत्वपूर्ण बिन्दु :

1. शिक्षक इस हैण्डबुक में दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए अभ्यास टेस्ट कराएंगे। सभी प्रैक्टिस टेस्ट पेपर में वस्तुनिष्ठ प्रकार के ही प्रश्न होंगे ।
2. सभी प्रैक्टिस टेस्ट पेपर के प्रश्न में 04 विकल्प होंगे इनमें से सही उत्तर पर विद्यार्थी सही (✓) चिन्ह लगाकर उत्तर देगा।
3. NAS में पूछे जाने वाले प्रश्न उच्च स्तरीय क्षमताओं जैसे विश्लेषण, तार्किक चिंतन और सीखने के प्रतिफल जांचने की प्रकृति के होंगे।
4. सभी शिक्षक लर्निंग आउटकम्स के आधार पर विद्यार्थियों की तैयारी कराएं । विस्तृत लर्निंग आउटकम्स एवं मॉक टेस्ट हेतु प्रश्नपत्र संलग्न हैं। इन्हें अच्छी तरह से पढकर पढाए जाने वाले टॉपिक के साथ मेप करके पढाएं ।

सामाजिक विज्ञान सीखने के प्रतिफल

परिचय

सामाजिक विज्ञान का प्रक्षेत्र सामान्य शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाता है। माध्यमिक स्तर पर, सामाजिक विज्ञान में समाज के विविध सरोकार शामिल किए गए हैं और इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान के विषयों से तैयार की गई विस्तृत सामग्री शामिल हैं। विषय क्षेत्र की सामग्री में समय, स्थान और संस्थानों में प्राकृतिक और सामाजिक वातावरण के साथ मानव संबंधों की व्यापक समझ शामिल है। यह जानना आवश्यक है कि सामाजिक विज्ञान में स्वयं वैज्ञानिक जाँच के तरीकों को अपनाया जाता है, जो प्राकृतिक और भौतिक विज्ञान से अलग हैं। सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम में मानव मूल्यों की स्वतंत्रता, विश्वास और विविधता के लिए सम्मान को बढ़ावा दिया जाता है। सामाजिक विज्ञान की शिक्षा बच्चों के व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण पर असर डालने वाले सामाजिक मुद्दों पर गंभीर रूप से प्रतिक्रिया देने के अवसर प्रदान करती है। इन विषयों से अन्य मूल्यों, जैसे— सहानुभूति, समानता, स्वतंत्रता, न्याय, बंधुत्व, गरिमा और सद्भाव भी विकसित होते हैं। सामाजिक विज्ञान के प्रत्येक अनुशासन में कार्यक्रमों, प्रक्रियाओं और घटनाओं के कारण और प्रभाव के संबंध को समझने के लिए तार्किक और तर्कसंगत दृष्टिकोण को समझने, विश्लेषण, मूल्यांकन और लागू करने के माध्यम से निष्कर्ष पर पहुँचने के लिए जाँच का अपना तरीका है।

सामाजिक विज्ञान में एक सक्षम पाठ्यचर्या के लिए, कुछ विषय जो अंतर-विषयक सोच को सुविधाजनक बनाते हैं, विषयों में शामिल किए गए हैं। इसके विषय क्या, कहाँ, कौन, कब, कैसे आदि जैसे प्रश्नों को उठाकर जाँच में पर्याप्त गुंजाइश प्रदान करते हैं, जिससे विद्यार्थियों को विषयों के बीच और साथ ही उनके अंदर एक एकीकृत परिप्रेक्ष्य प्राप्त करने में मदद मिलती है, जिससे अंतर-अनुशासनिक दृष्टिकोण मज़बूत होता है। एक उदाहरण लिया जा सकता है, कृषि, विकास, आपदा आदि जैसे विषयों का अध्ययन इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र के परिप्रेक्ष्य से किया जा सकता है।

सामाजिक विज्ञान विद्यार्थियों को देश की समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत की सराहना करने के लिए संवेदनशील बनाता है। विद्यार्थी स्वतंत्रता के लिए भारत के संघर्ष में ज्ञात और कम ज्ञात व्यक्तियों और घटनाओं द्वारा किए गए योगदान का मूल्यांकन करने में गर्व का अनुभव करते हैं। ये विषय विद्यार्थियों को हमारे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और परिरक्षण पर ज़ोर देने और सामाजिक समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं से संबंधित चुनौतियों का सामना करने के साथ स्थायी विकास के महत्व को पहचानने में सहायता करते हैं। ये विषय आर्थिक विकास को प्राप्त करने के लिए संसाधनों के महत्व, उनके समान वितरण और उपयोग को समझने में सहायता करते हैं। ये स्थानीय, राष्ट्रीय और वैश्विक दृष्टिकोण से लोकतांत्रिक सिद्धांतों, नागरिकता, अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में

जागरूकता पैदा करते हैं। इसके अन्य फ़ोकस संघर्ष क्षेत्र के समाधान कौशलों का निर्माण और शांति निर्माण प्रक्रियाओं को मज़बूत करना हैं। ये जेंडर, हाशिए के वर्गों और विशेष ज़रूरतों वाले व्यक्ति के प्रति संवेदनशीलता और सहानुभूति को बढ़ावा देने में मदद करते हैं, जैसे— आदिवासी, अनु. जाति और अनु. जनजाति।

पाठ्यक्रम से अपेक्षाएँ

इस चरण पर विद्यार्थियों से इनके विकास की अपेक्षा की जाती है कि वे —

- प्राकृतिक और सामाजिक वातावरण के साथ अंतर-संबंध स्थापित करने में ज्ञान के क्षेत्र की सार्थकता को पहचानें।
- घटनाओं, प्राकृतिक और सामाजिक प्रक्रियाओं के संदर्भ में इनके कारण और प्रभाव संबंधों को वर्गीकृत और तुलना करें और समाज के विभिन्न वर्गों पर उनके प्रभाव को समझें।
- विविधता, लोकतंत्र, विकास, विविध कारकों और हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने वाली ताकतों जैसी संकल्पनाओं की व्याख्या करें।
- प्राकृतिक सामाजिक घटनाओं को समझने में दृष्टिकोणों की बहुलता को विकसित करने की आवश्यकता पर चर्चा करें।
- एकीकरण और अंतर्संबंधों के अंदर और विविध विषयों पर विभिन्न तरीकों का प्रदर्शन करें। समकालीन दुनिया में घटनाओं, प्रक्रियाओं और घटनाओं की स्थानिक परिवर्तनशीलता की पहचान करें। लोकतांत्रिक लोकाचार, इक्विटी, आपसी सम्मान, समानता, न्याय और सद्भाव की पहचान करें।
- अवलोकन, पूछताछ, प्रतिबिंब, सहानुभूति, संचार और महत्वपूर्ण सोच का कौशल प्रदर्शित करें।
- पर्यावरणीय मुद्दों, सतत् विकास, जेडर में असमानताओं, समाज के हाशिए पर मौजूद वर्गों और विशेष ज़रूरतों वाले व्यक्तियों के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता के भावों में सक्रिय सहयोगी बनें।
- प्रौद्योगिकी की सहायता से विभिन्न विषयों से संबंधित अवधारणाओं को स्पष्ट करें।

सीखने के प्रतिफलों को सामाजिक विज्ञान के विषय-संज्ञान को कक्षा 9 और 10 के लिए मोटे तौर पर 12 व्यापक भागों में बाँटा गया है। प्रत्येक भाग समान प्रकार की दक्षताओं के सेट से संबंधित है और इसमें सामाजिक विज्ञान की प्रकृति के आधार पर सामग्री को जोड़ने वाले कुछ सीखने के प्रतिफल शामिल हैं। कुछ सीखने के प्रतिफल सामान्य रूप से 9 और 10 दोनों कक्षाओं में मिल सकते हैं। शिक्षक विभिन्न उदाहरणों का उपयोग करके इनके साथ काम कर सकते हैं। ये विभिन्न सामाजिक विज्ञानों में उनके महत्व और सामग्री को ध्यान में रखते हुए विकसित किए गए हैं। सीखने के प्रतिफल को समझने के लिए अवधारणाओं, ऐतिहासिक घटनाओं, स्थानों, नामों और तिथियों का उपयोग किया जाता है। इन्हें राज्यों द्वारा अपने सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रम के आधार पर बदला जा सकता है।

कक्षा 9

सीखने-सिखाने की प्रक्रिया	सीखने के प्रतिफल
विद्यार्थियों को व्यक्तिगत रूप से या समूहों में अवसर प्रदान किए जा सकते हैं और उन्हें प्रोत्साहित किया जा सकता है कि वे— • भारत के राजनीतिक मानचित्र या स्कूल भुवन पोर्टल एनसीईआरटी का निरीक्षण करें, इसमें राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के स्थान, सीमा, प्रकार, आकार आदि के संदर्भ में चिह्नित करें। • अन्य स्रोतों, जैसे— अन्य राज्यों की वेबसाइट, पाठ्यपुस्तकें, एटलस, मॉडल आदि से राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के बारे में जानकारी पर चर्चा और सत्यापन करें। • भाषाओं, भोजन, पोशाक, सांस्कृतिक परंपराओं आदि के संदर्भ में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के बारे में जानकारी एकत्र करने के लिए परियोजनाओं में संलग्न रहें। • जीन-पॉल मारत, जीन जैक्स रूसो जैसे तथा अन्य प्रख्यात विचारकों के कामों का चयन करें और फ्रांसीसी क्रांति के प्रकोप पर उनके कार्यों का प्रभाव जानें। • महत्वपूर्ण राजनीतिक नियमों और अवधारणाओं, जैसे कि मार्शल लॉ, एक तख्तापलट, एक वीटो और जनमत संग्रह के लिए लोकतंत्र के साथ-साथ तानाशाही की चर्चा में भी भाग लें। • विवरणों पर चर्चा करें (क) उस समय जब सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार पहली बार नागरिकों को प्रदान किया गया था और (ख) उपनिवेशवाद का अंत कैसे हुआ था। • भारतीय संविधान पर जानकारी एकत्र करें और इसके निर्माण की प्रक्रिया पर चर्चा करें। • अपने परिवेश से उत्पादन के विभिन्न कारकों, जैसे— भूमि, पूंजी और मानव संसाधनों का विवरण एकत्र करें। • पास के राशन की दुकान चुनें और स्थानीय बाज़ार के साथ उपलब्ध वस्तुओं की कीमतों की तुलना करें और मतभेदों के कारणों पर चर्चा करें। • खाद्य सुरक्षा में सहकारी की भूमिका का विश्लेषण। • गरीबी, खाद्य सुरक्षा, मानव संसाधन विकास पर ई-सामग्री सहित विभिन्न संसाधनों का अन्वेषण करें।	**विद्यार्थी—** • तथ्यों, आँकड़ों को पहचानता और पुनः प्राप्त करता है और प्रक्रियाओं को अभिव्यक्ति दे पाता है— ▪ भारत के मानचित्र पर स्थान, राज्य, संघ राज्य क्षेत्र और अन्य भौतिक विशेषताएँ बता सकता है। ▪ विभिन्न भौतिक विशेषताओं, वनों के प्रकार, मौसम आदि को पहचानता है और उनका वर्णन करता है। ▪ भूगोल में महत्वपूर्ण शब्दों में, जैसे— मानक मध्याह्न, जल निकासी बेसिन, जल विभाजन, मानसून, मौसम, जलवायु, वनस्पति, जीव, जनसंख्या घनत्व आदि का वर्णन करता है। ▪ वार्षिक विकास दर का अनुमान लगाता है। ▪ गरीबी, साक्षरता, बेरोज़गारी, लोगों की गिनती अनुपात, खाद्य सुरक्षा, निर्यात और आयात जैसे सरल आर्थिक शब्दों को परिभाषित करता है। ▪ उत्पादन के विभिन्न कारकों को सूचीबद्ध करता है। ▪ नाम, स्थान, वर्ष, कुछ महत्वपूर्ण सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक घटनाओं को याद करता है, जिन्होंने भारत और दुनिया को बदल दिया जैसे कि अमेरिकी क्रांति, फ्रांसीसी क्रांति, रूसी क्रांति और भारत में स्वतंत्रता संग्राम। ▪ मानचित्र पर ऐतिहासिक महत्व के स्थानों का पता लगाता है। ▪ कुछ एक सामाजिक समूहों की अर्थव्यवस्थाओं और आजीविकाओं का वर्णन करता है। ▪ लोकतंत्र और तानाशाही से जुड़े राजनीतिक शब्दों और संकल्पनाओं का वर्णन करता है। जैसे कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, न्याय की स्वतंत्रता, जवाबदेही, विधि का शासन इत्यादि। ▪ परिवेश में भौतिक सुविधाओं को वर्गीकृत करता है और उनकी तुलना अन्य स्थानों की भौतिक विशेषताओं से करता है। जनसंख्या, वर्षा जैसे विभिन्न आँकड़ों की तुलना करता है।

- चर्चा करें कि गरीबी रेखा का अनुमान विशेष रूप से सामाजिक वैज्ञानिकों के दृष्टिकोण से कैसे लगाया जाता है।
- आस-पास की भौतिक विशेषताओं के बारे में जानकारी इकट्ठा करें, साथियों के साथ इन विशेषताओं के बारे में चर्चा करें; अन्य प्राकृतिक भूगोल-संबंधी विभाजनों से संबंधित दृश्य दिखाए जा सकते हैं और उनकी विशेषताओं को समझाया जा सकता है।
- समानताएँ और अंतर देखने के लिए विभिन्न प्राकृतिक भूगोल-संबंधी विभाजन/डेटा।
- भारत की भौतिक विशेषताओं को वर्गीकृत करने के लिए स्पर्श मानचित्र/मॉडल का उपयोग करें।
- डेस्मोलिन और रॉबेस्पायर के विभिन्न विचारों को जानने की कोशिश करते हैं कि उन्होंने राज्य बल का किस प्रकार उपयोग किया, अत्याचार के खिलाफ़ स्वतंत्रता की लड़ाई से रॉबेस्पायर का क्या अभिप्राय है, डेस्मोलिन आज़ादी को किस तरह समझते हैं?
- विभिन्न स्रोतों से फ्रांस की संवैधानिक राजशाही के बारे में जानकारी इकट्ठा करें।
- ब्रिटेन, सऊदी अरब और भूटान जैसे समकालीन समय के विभिन्न राजतंत्रों पर चर्चा करें।
- फ्रेंच और रूसी क्रांति के बुरे प्रभाव से संबंधित महत्वपूर्ण घटनाओं पर समयरेखा विकसित करें। फ्रांस के संबंध में कुछ घटनाओं को समय रेखा में प्रदर्शित किया जा सकता है— संवैधानिक राजतंत्र, मानव अधिकार की घोषणा, गणतंत्र बनने पर और आतंक का शासन। इस समय-रेखा में छात्र फ्रांसीसी क्रांति पर और अधिक जानकारी जोड़ सकते हैं।
- सरकार के विभिन्न प्रकारों की सुविधाओं का अध्ययन करें और चर्चा करें।
- सामाजिक बहिष्कार के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन पर एक समूह परियोजना तैयार करें।
- विक्रेताओं, जैसे— सब्जी, अखबार, दूधवाला, लॉन्ड्री (कम से कम दस लोग) से साक्षात्कार लें। उन्हें सरल प्रश्न तैयार करने और व्यापक निष्कर्ष का विकास करने के लिए निर्देशित किया जा सकता है।
- विभिन्न नदियों का पता लगाएँ, नदी के किनारों पर उनके उद्भव, नदी के बहाव के दौर, प्रमुख शहरों, उद्योगों का विवरण खोजें।

  - दुनिया में महत्वपूर्ण क्रांतियों, जैसे— फ्रेंच और रूसी क्रांतियों के लिए अग्रणी घटनाओं के दौर की तुलना करता है।
  - दुनिया भर में संचालित विभिन्न प्रकार की सरकारों के बीच अंतर जानता है।
  - भारतीय राज्यों में गरीबी और बेरोज़गारी के स्तर की तुलना करता है।
  - समकालीन समय, जैसे— ब्रिटेन, सऊदी अरब और भूटान के विभिन्न राजतंत्रों की तुलना करता है।
- घटना, कार्यक्रमों और उनकी घटना के बीच कारण और प्रभाव संबंध बताता है, जैसे —
  - प्रदूषण और लोगों के जीवन पर उनके प्रभाव डालने वाले कारकों की जाँच करता है।
  - एक क्षेत्र की नदी, जलवायु, जनसंख्या वितरण, वनस्पतियों और जीवों को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या करता है।
  - विभिन्न क्रांतियों के कारणों और प्रभावों की व्याख्या करता है।
  - यह बताता है कि समकालीन दुनिया में विभिन्न सामाजिक समूहों ने कैसे बदलावों का सामना किया और इन परिवर्तनों का वर्णन करता है।
  - क्रांति और सामाजिक परिवर्तन के बीच अंतर को समझाता है।
  - दुनिया के विभिन्न देशों में लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक शासन के गठन की रूपरेखा बनाता है।
  - लोकतांत्रिक देशों में परिवर्तन की प्रक्रिया की व्याख्या करता है, जैसे— लोकतंत्र, न्याय, स्वतंत्रता, समानता इत्यादि।
  - भारतीय नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों की पहचान करता है।
  - गरीबी, भूमिहीनता, खाद्य असुरक्षा जैसे आर्थिक मुद्दों के कारणों और प्रभावों की व्याख्या करता है।
  - सामाजिक बहिष्कार और भेद्यता के प्रभाव का विश्लेषण करता है।

- नदियों के प्रदूषण के लिए शहरों में लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाली नदी पर चर्चा करें।
- समूह परियोजनाओं पर काम करें, जिसमें वे विभिन्न स्रोतों से जानकारी एकत्र कर सकते हैं, जैसे— किताबें, पत्रिकाएँ, समाचार पत्र, इंटरनेट, बुज़ुर्ग और एक मानचित्र पर नदी और संबंधित निष्कर्षों को अंकित करें और एक रिपोर्ट तैयार करें।
- विशेष आवश्यकताओं (सीडब्ल्यूएसएन) वाले बच्चों द्वारा विशेष रूप से स्पर्श मानचित्र के साथ काम करें।
- 1905 में रूसी क्रांति के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारणों की पहचान करना; एक प्रवाह चार्ट, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, उस अवधि से संबंधित समाचार पत्र की कतरन (1905) जैसे कई प्रकार के शिक्षण सहायक उपकरण का उपयोग करें।
- दुनिया के मानचित्र पर फ्रेंच और रूसी क्रांति के स्थानों को ज्ञात करें।
- एक चर्चा में भाग लें जो फ़रवरी 1917 में राजशाही के पतन पर, मज़दूरों की हड़ताल, मज़दूरों द्वारा किराया देने से इंकार और विभिन्न राजनीतिक दलों, जैसे— लिबरल, सोशल डेमोक्रेट्स और सामाजिक क्रांतिकारियों की गतिविधियों पर की जाए।
- यह चर्चा क्रांति और सामाजिक परिवर्तन की अवधारणाओं पर शुरू की जा सकती है।
- इस विचार को स्पष्ट करें कि फ्रांसीसी और रूसी की तरह कुछ क्रांतियाँ रक्त-बहाव का परिणाम हैं।
- शांतिपूर्ण क्रांतियों पर चर्चा करें, जैसे— भारत में औद्योगिक क्रांति, हरित, श्वेत और नीली क्रांतियों पर चर्चा करें।
- मीडिया और अन्य स्रोतों से वर्तमान विवरण एकत्र करें और लोकतंत्र की सफलता के उपाय पर चर्चा करें।
- दुनिया के लोकतांत्रिक देशों और उनकी स्थापना के इतिहास, उन परिस्थितियों के बारे में जानकारी एकत्रित करें और उन पर चर्चा करें, जिनके तहत सरकारें स्थापित हुईं।

- कुछ उदाहरणों के साथ लोगों द्वारा, लोगों के लिए, लोगों की सरकार के रूप में लोकतंत्र पर चर्चा करें।
- अखबार की कतरन पर चर्चा हो सकती है या शिक्षक सरकारी रिपोर्ट से गरीबी, खाद्य सुरक्षा पर डेटा प्रदान कर सकते हैं।
- प्रमुख जलवायु नियंत्रणों से परिचित होना— अक्षांश, ऊँचाई, दबाव और हवा प्रणाली और समुद्र से दूरी और चर्चा करना कि वे विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों की जलवायु को कैसे प्रभावित करते हैं।
- चर्चा करें कि कैसे पहाड़ी क्षेत्रों की जलवायु मैदानी क्षेत्रों से काफ़ी अलग है।
- औपनिवेशिक शासन के दौरान भारत सहित दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में अतीत में वनों की कटाई के लिए ज़िम्मेदार कारकों जैसे विषयों की जाँच करने के लिए लिखित रिकॉर्ड, मौखिक विवरणों जैसे विभिन्न प्राथमिक और माध्यमिक स्रोतों का उपयोग करें।
- भारत में विभिन्न वन अधिनियमों पर चर्चा— वन अधिनियम—1865, 1878 और 1927 में इसका संशोधन और वनवासियों और ग्राम समुदाय पर इसका प्रभाव।
- नाज़ीवाद चर्चा के उदय पर हिटलर के दृश्य, अख़बार की कतरनें, पोस्टर, पत्रक, वीडियो और भाषण एकत्र करें कि कैसे नाज़ीवाद से नरसंहार युद्ध आगे बढ़ा जिसके परिणामस्वरूप यहूदियों, जिप्सी और पोलिश नागरिकों जैसे निर्दोष नागरिकों की हत्या हुई।
- मॉक पार्लियामेंट और अदालती कार्यवाही का आयोजन करें, जिसमें विभिन्न लोकतांत्रिक अधिकार विषय हो सकते हैं।
- अकाल से जुड़े दृश्य दिखाएँ और वर्तमान ओएमटी (एक मिनट की बात) पेश करें।
- विभिन्न मानचित्रों का सहसंबंध समझें, उदाहरण के लिए– भौतिक सुविधाएँ और जल निकासी, भौतिक सुविधाएँ और जनसंख्या।

- विश्लेषण और जानकारी का मूल्यांकन करता है, जैसे—
  - भारत/विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में पाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की जलवायु का विश्लेषण करता है।
  - वनों की कटाई के लिए अग्रणी कारकों की जाँच करता है।
  - भारतीय संसद और न्यायपालिका के कामकाज की रूपरेखा बनाता या आकलन करता है।
  - साक्षरता और गरीबी जैसे महत्वपूर्ण विकास संकेतकों में ऐतिहासिक रुझानों का विश्लेषण करता है।
  - महत्वपूर्ण सरकारी कल्याण कार्यक्रमों के प्रभाव का आकलन करता है, जिसका उद्देश्य (क) गरीबी उन्मूलन है (ख) खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना; (ग) स्व-रोज़गार के अवसर प्रदान करना (घ) स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएँ प्रदान करना।
- व्याख्या करता है, उदाहरण के लिए—
  - भारत में नदी प्रणालियों के मानचित्र, प्राकृतिक भूगोल संबंधी, जनसंख्या वितरण।
  - दुनिया के बाकी हिस्सों के लिए माल और लोगों के आवागमन के मानचित्र।
  - ग्रंथ
  - प्रतीक जो स्वतंत्रता, समानता बिरादरी के लिए बने हैं।
  - कार्टून

- स्कूल भुवन-एनसीईआरटी पोर्टल पर विभिन्न नक्शों का पता लगाएँ और उन्हें ओवरले करने के अवसर प्रदान किए जा सकते हैं।
- विभिन्न अवधारणाओं को समझने के लिए एटलस मानचित्र का उपयोग करें।
- फ्रेंच और रूसी जैसी विभिन्न क्रांतियों से जुड़े स्थानों का पता लगाने का कौशल प्रदर्शित करें।
- अतीत और वर्तमान में स्थानों की भौगोलिक सीमाओं के परिवर्तन और उन कारणों के बारे में बताएँ, जिनके कारण यह हुआ है। आप इसे पाठ्यक्रम/पाठ्यपुस्तकों में विषय के साथ जोड़ सकते हैं।
- विभिन्न प्रतीकों का अध्ययन करें जो भारत और दुनिया की रूपरेखा मानचित्र पर सड़क, रेलवे, इमारतों, स्मारकों, नदियों आदि का चित्रण करते हैं। इसका उपयोग अध्ययन के तहत थीम के अनुसार किया जा सकता है।
- एक आर्थोफ़ोटो मानचित्र से जानकारी की व्याख्या करें और वास्तविकता के साथ तुलना करें।
- राज्यों और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के सीमांकन के लिए भारत के राजनीतिक मानचित्र का उपयोग करें।
- निम्नलिखित (1) उच्च और निम्न गरीबी (2) साक्षरता स्तर (3) खाद्यान्नों के उत्पादन और राज्यों के बीच अंतर के कारणों के संदर्भ में व्याख्या करने के लिए भारत के राज्यों के नक्शे का उपयोग करें।
- ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विभिन्न व्यवसायों में लगे व्यक्तियों की तसवीरें चुनें और अर्थव्यवस्था के तीन क्षेत्रों में वर्गीकृत करें।
  (1) शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद बेरोज़गारी
  (2) विभिन्न राज्यों में मौजूद गरीबी पर अपने परिवेश और सरकार की रिपोर्ट से डेटा संकलित करें।
- जनसंख्या के संबंध में साक्षरता दर, खाद्यान्नों के उत्पादन और खाद्य असुरक्षा के आँकड़ों का प्रतिनिधित्व करने के लिए तालिकाओं का उपयोग करें और जनता के कल्याण के संदर्भ में इनकी व्याख्या करें।

- तसवीरें
- पोस्टर
- सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों से संबंधित अखबार की कतरनें।
- कृषि उत्पादन, साक्षरता, गरीबी और जनसंख्या से संबंधित डेटा के पाई और बार आरेखों को तैयार करता है।

- तालिकाओं से बार और पाई आरेख बनाएँ और इनमें परिवर्तित करें।
- अखबार की कतरनों से समझाएँ या शिक्षक, सरकार की रिपोर्ट में से गरीबी, खाद्य सुरक्षा, सामाजिक बहिष्कार और भेद्यता पर, उनके कारणों और समाज पर प्रभाव के बारे में डेटा प्रदान कर सकते हैं।
- बार/पाई आरेख विकसित करें और आरेख में डेटा को प्लॉट करें, उदाहरण के लिए— जनसंख्या डेटा, प्राकृतिक वनस्पति आदि।
- विषयों का अन्य विषयों के साथ सहसंबंध बनाएँ, जैसे कि उत्तर में विभिन्न मार्ग और दक्षिण में बंदरगाह होने से यात्रियों को मार्ग प्रदान किया है और प्राचीन काल से विचारों और वस्तुओं के आदान-प्रदान में इन मार्गों द्वारा कैसे योगदान दिया गया है?
- औपनिवेशिक काल में वनों की कटाई और वनवासियों के जीवन पर उनके प्रभाव; औपनिवेशिक और समकालीन समय में वन के अंतर्गत आने वाली भूमि की सीमा जैसे भौगोलिक पहलुओं के साथ जुड़ी वनों की कटाई पर चर्चा करें।
- चर्चा करें कि अतीत और वर्तमान में वन अधिनियम महिलाओं सहित विभिन्न आदिवासी समुदायों को कैसे प्रभावित करते हैं।
- कुछ राजनीतिक विकासों और सरकार के फैसलों का अध्ययन करें और भौगोलिक महत्व और चुनावी क्षेत्रों की दृष्टि से उन्हें देखें।
- देशों के भू-राजनीतिक महत्व को रेखांकित करके विभिन्न देशों में लोकतांत्रिक आंदोलनों का इतिहास पढ़ें।
- 1940 की ऐतिहासिक घटनाओं और 1946-49 के दौरान भारत में संविधान बनाने का अध्ययन करें।
- भूगोल और कृषि के घटक के रूप में उत्पादन और खाद्य सुरक्षा जैसे कारकों के साथ भूगोल में संसाधनों के हिस्से के रूप में भूमि और कृषि के मुद्दों पर फ़ोकस करें।
- सामाजिक विज्ञान के साथ अंतर-संबंध जोड़ता है, उदाहरण के लिए—
  - ऐतिहासिक काल से व्यापार और संचार के लिए भारत में विभिन्न रास्तों और समुद्री बंदरगाहों के बीच अंतर्संबंध बताता है।
  - चुनावी निर्वाचन क्षेत्रों के भौगोलिक महत्व की जाँच करता है। कृषि के एक घटक के रूप में खाद्य सुरक्षा का विश्लेषण करता है।
  - जनसंख्या वितरण और खाद्य सुरक्षा के बीच संबंधों का विश्लेषण करता है।
  - वनवासियों, आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण सहित विभिन्न सामाजिक समूहों के आजीविका पैटर्न के बीच अंतर्संबंधों की व्याख्या करता है।

- लोकतंत्र में मनुष्यों के अधिकार को उजागर करने के लिए राजनीतिक आयामों के साथ संबंध जानें और नागरिकों को अर्थव्यवस्था के लिए एक संपत्ति के रूप में देखें।
- 3 शेड्स, मिर्च मसाला, मंथन जैसे— चलचित्र, वृत्तचित्र दिखाएँ और इन्हें कम आय और गरीबी से जोड़ दें, जिसके बाद कक्षा में आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संघर्ष पर चर्चा की जा सकती है।
- राष्ट्रीय जनसंख्या नीति–2000 पढ़ें और किशोरावस्था से संबंधित इसकी सामग्री पर चर्चा करें।
- जब वे विभिन्न लेखकों के साहित्यिक कार्यों को पढ़ते हैं तो तथ्य और कथा के बीच के अंतर को समझने के लिए ऐतिहासिक स्रोतों की व्याख्या करें।
- हमारे ऐतिहासिक अतीत के विभिन्न बिंदुओं पर आधारित उपन्यासों, जीवनी और कविताओं का आकलन करें।
- विभिन्न लोगों की धारणाओं, पूर्वाग्रहों और पूर्वधारणाओं का पता लगाने और उन पर चर्चा करने के लिए चित्रों, कार्टून और अखबारों की कतरनों का उपयोग करें। शिक्षक, विद्यार्थियों को सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक पहलुओं से उदाहरणों का उपयोग करके तथ्यों और विचारों के बीच अंतर को पहचानने के लिए मार्गदर्शन दे सकते हैं।
- पुरातात्विक अवशेष, आधिकारिक रिकॉर्ड, मौखिक ब्यौरों जैसे अन्य स्रोतों का उपयोग करके अध्ययन के तहत अवधि की समग्र तसवीर का पता लगाएँ और इसका निर्माण करें। निम्नलिखित प्रश्नों पर चर्चा शुरू की जा सकती है—
  - यह स्रोत किस के बारे में है?
  - लेखक कौन है?
  - इससे क्या संदेश निकाला जा सकता है?
  - क्या यह प्रासंगिक/उपयोगी है?
  - क्या इससे घटना को समग्रता में समझा जाता सकता है?
  - यह समझना कि ऐतिहासिक रिकॉर्ड रखने वाला व्यक्ति, व्यक्तिवाद से मुक्त नहीं है।

- मान्यताओं/पूर्वाग्रहों/रूढ़ियों की पहचान करता है, उदाहरण के लिए—
  - ग्रंथ
  - दृश्य
  - राजनीतिक विश्लेषण
  - समाचार
  - भारत के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में लोग
  - महत्वपूर्ण सरकारी कल्याण कार्यक्रम

- फ़्रांसीसी क्रांति के दस्तावेज़ी उदाहरणों से इस नाटकीय रूप को पेश करें जो ओलेंपी गोज़ेस द्वारा पुरुषों और नागरिकों के अधिकार की घोषणा में से महिलाओं को बाहर करने के विरोध में इस ऐतिहासिक दस्तावेज़ में मौजूद पूर्वाग्रह को सामने लाने के लिए किया गया।
- नियमित रूप से टीवी या समाचारपत्रों के विभिन्न मुद्दों और घटनाओं पर दिए जाने वाले नेताओं के बयानों को देखें और नोट करें। शिक्षक, उदाहरण प्रदान कर सकते हैं और मान्यताओं, झुकावों, पूर्वाग्रहों और रूढ़ियों को इंगित करने के लिए एक मुद्दे पर छात्रों के अपने विचार भी हो सकते हैं।
- अपने क्षेत्र में मज़दूरी कर रहे पुरुषों और महिलाओं को भुगतान की गई मज़दूरी के विवरणों को सूचीबद्ध करें और चर्चा करें कि क्या अंतर मौजूद है, यदि कोई हो, तो कारण प्रदान किए जा सकते हैं।
- खाद्य सुरक्षा, रोज़गार सृजन, अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं का विश्लेषण करें।
- मानसून के तंत्र को समझने के लिए प्रश्न पूछें, उदाहरण के लिए इससे ज़मीन और पानी के गर्म होने में अंतर का प्रभाव, इंटर ट्रांपिकल कन्वर्जेंस ज़ोन (आईटीसीजेड), एल नीनो और जेट स्ट्रीमों का स्थानांतरण मानसून को प्रभावित करता है।
- विभिन्न प्रकार के प्राथमिक और द्वितीयक स्रोतों को इकट्ठा करने के लिए जाँच कौशल का उपयोग करें और यह जानें कि फ़्रांस, यूरोप के बाकी हिस्सों और विभिन्न औपनिवेशिक संघर्षों में स्वतंत्रता, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व से प्रेरित राजनीतिक आंदोलनों के आदर्श कैसे हैं; समूहों में इस क्षेत्र पर परियोजनाओं, पोस्टर और मल्टीमीडिया मॉडल तैयार किए जा सकते हैं।
- विभिन्न अखबारों, पत्रिकाओं और पुस्तकों से विभिन्न सामयिक, राजनीतिक, सामाजिक या स्थानीय मुद्दों पर विवरण एकत्र करें। समान मुद्दों के बारे में विभिन्न विचारों की तुलना करें।

- जिज्ञासुता/पूछताछ के कौशल को प्रदर्शित करता है अर्थात् इससे संबंधित प्रश्नों को प्रस्तुत करता है, उदाहरण के लिए—
  - भौगोलिक घटनाएँ जैसे मानसून का तंत्र और प्राकृतिक आपदाओं का कारण।
  - भारत/उनके अपने क्षेत्र में हरित क्रांति का प्रभाव।
  - भारत और दुनिया में फ्रांसीसी क्रांति की विरासत।

- वंचित समूहों द्वारा सामना की जाने वाली सुभेद्यता के बारे में एक विशेष आर्थिक समस्या की व्याख्या करें।
- हरित क्रांति पर सामग्री का विश्लेषण।
- डेटा/अनुभवों से विवरण का पता लगाएँ, उदाहरण के लिए (क) किसी स्थान की भौगोलिक विशेषता वितरण को कैसे प्रभावित करती है; (ख) किसी क्षेत्र की जलवायु परिस्थितियाँ किसी स्थान की प्राकृतिक वनस्पति को कैसे प्रभावित करती हैं?
- बाघ और नदियों के संरक्षण परियोजना जैसे विषयों पर एक रोल-प्ले तैयार कराएँ और भारत में बाघ संरक्षण की प्रासंगिकता पर चर्चा करें।
- उन जीवित किंवदंतियों के साक्षात्कार रिकॉर्ड या इकट्ठा (इंटरनेट/यूट्यूब से) करें, जिन्होंने नाज़ीवाद के अत्याचारों और कष्टों का अनुभव किया है।
- ई-सामग्री दिखाएँ और जनसंख्या की गुणवत्ता से संबंधित मामले के अध्ययन का विश्लेषण करें।
- विभिन्न स्रोतों, जैसे कि दैनिक समाचारपत्रों से मौसम और आबादी से संबंधित जानकारी एकत्र करें और रिकॉर्ड किए गए डेटा/सूचना का विश्लेषण करें।
- फ्रांसीसी क्रांति पर एक रोल प्ले तैयार करें और इसमें पादरी, राजवंश, व्यापारियों, किसानों और कारीगरों की भूमिका निभाएँ, प्रत्येक समूह के फेसिलिटेटर द्वारा प्रत्येक वर्ग की भावनाओं से उनकी धारणाओं का निष्कर्ष निकाला जा सकता है।
- भारत में अकाल के बारे में जानकारी एकत्र करें। औपनिवेशिक काल में अकालों के कारणों का अन्वेषण करें।
- समस्या पैदा करने वाले कारकों की पहचान करना और नदी प्रदूषण, जनसंख्या वृद्धि, वनस्पतियों और जीवों की सुरक्षा आदि से संबंधित समाधानों तक पहुँचने के लिए रचनात्मक और गंभीर रूप से निर्णय लेना।
- इस विषय पर एक वर्ग बहस का आयोजन करना कि— क्या मानव अधिकार उल्लंघन के विभिन्न रूपों को संबोधित करने के लिए हिंसा का उपयोग उचित दृष्टिकोण है या नहीं।

- एकत्रित/दी गई जानकारी के आधार पर तर्कों/विचारों का निर्माण करता है, उदाहरण के लिए—
  - विभिन्न जलवायु परिस्थितियों के साथ लोगों और उनके अनुकूलन
  - जीवित ऐतिहासिक किंवदंती निर्माताओं के मौखिक और लिखित ब्यौरे
  - संसाधन के रूप में लोग
- कार्यक्रमों और घटनाओं का पहले से अनुमान लगाता है, उदाहरण के लिए—
  - मौसम
  - प्रदूषण और बीमारियाँ
  - अकाल और गरीबी
- निर्णय लेने/समस्या सुलझाने के कौशल दर्शाता है, उदाहरण के लिए—
  - जल प्रदूषण के प्रभाव को कम करना
  - संसाधनों का संरक्षण
  - भोजन की कमी की समस्या
  - भारत में भूख और अकाल से बचें
  - ऐतिहासिक घटनाओं और विकास में संसाधनों की उपयुक्तता पर निर्णय लेना

- योजना और पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेना, स्कूल में दैनिक काम, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जिनमें समस्या को हल करने और निर्णय लेने के कौशल की आवश्यकता होती है।
- कुछ सीमित लोगों के हाथों में संसाधनों के जमाव के प्रभाव को दिखाने के लिए समाचार पत्र और पत्रिकाओं को ठीक करें।
- अमीर और गरीब के बीच संसाधनों के वितरण के संदर्भ में असमानता के कारण और प्रभाव का वर्णन करें।
